# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र

**Website: www.gpgcobra.ac.in**

**Email: govt.p.g.college.obra@gmail.com**

## एन.सी.सी कैडेटों की भर्ती सूचना

**Session: 2026-27**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र के सत्र 2026–2027 में अध्ययनरत बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 101 बटालियन NCC, मिर्जापुर द्वारा महाविद्यालय में NCC प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की जानी प्रस्तावित है। NCC में प्रवेश हेतु Enrollment Form जमा करने की **पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 17 अगस्त 2026 थी।** छात्र-छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए Enrollment Form जमा करने की **अंतिम तिथि को एक दिन बढ़ाते हुए अब 18 अगस्त 2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक** कर दिया गया है। अतः जिन इच्छुक छात्र-छात्राओं ने NCC Enrollment Form प्राप्त कर लिया है, लेकिन अभी तक जमा नहीं किया है, अथवा जो छात्र-छात्राएं NCC में प्रवेश हेतु नया Enrollment Form प्राप्त कर भरना चाहते हैं, वे अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ Enrollment Form **18 अगस्त 2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक महाविद्यालय के NCC Office** में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। **अपराह्न 01:00 बजे के पश्चात किसी भी परिस्थिति में NCC Enrollment Form स्वीकार नहीं किया जाएगा।** उक्त समय-सीमा के बाद किसी भी छात्र-छात्रा से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उसे NCC की आगामी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा।

अतः NCC में प्रवेश के इच्छुक सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे इस बढ़ाई गई अंतिम तिथि का लाभ उठाते हुए अपना Enrollment Form निर्धारित समय के भीतर अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

**बढ़ाई गई अंतिम तिथि:** 18 अगस्त 2026

**अंतिम समय:** अपराह्न 01:00 बजे

स्थान: NCC Office, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र

**एन.सी.सी प्रभारी**

**(डॉ. योगेन्द्र लाल वर्मा)**